दिन– गुरूवार दिनांक– 02/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आज बिहार के बयालीसवें राज्यपाल के रूप में पद की शपथ ली। पटना के राजभवन में आयोजित एक समारोह में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आरिफ मोहम्मद खान इससे पहले केरल के राज्यपाल थे। उन्होंने राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर का स्थान लिया है, जिन्हें केरल का राज्यपाल बनाया गया है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना से अवैध खनन की जानकारी देने वाले लोगों के बैंक खाते में पुरस्कार की राशि अंतरित की। उन्होंने चौबीस ऐसे लोगों के बैंक खाते में राशि भेजी, जिन्होंने अवैध खनन की जानकारी दी थी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। गौरतलब है कि पिछले दिनों राज्य सरकार ने अवैध खनन की सूचना देने वाले को पुरस्कृत करने का फैसला किया था।

———————————————————————————

समस्तीपुर रेल मंडल में बेटिकट यात्रियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत चालू वित्तीय वर्ष में चार लाख सतहत्तर हजार यात्रियों को पकड़ा गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक आलोक कुमार झा ने बताया कि इनसे जुर्माने और किराये के रूप में बत्तीस करोड़ चौंसठ लाख रूपये वसूले गए। यह पूर्व–मध्य रेल का एक रिकॉर्ड है।

———————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ जगहों पर शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चार दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी और बांका राज्य के सबसे ठंडे स्थान रहे। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नही है। इसके बाद अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढोतरी हो सकती है। वहीं, सुबह के समय अधिकांश भागों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने का पूर्वानुमान है।

---

गोपालगंज नगर थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में पुलिस और शराब तस्करों के बीच देर रात मुठभेड़ हो गई। पुलिस की कार्रवाई में एक तस्कर को पैर में गोली लगी हैं जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से एक अन्य तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

सहरसा जिले के वनगांव में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा सवार दो व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य घायल हो गए। वहीं, जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के रानीबाग में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा सवार एक बच्ची की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गये।

---

सुपौल जिले के सीमा चौकी मुंशी पिपराही के जिम्मेवारी क्षेत्र से एसएसबी की टीम ने एक तस्कर को बहत्तर ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है।

---

पश्चिम चंपारण जिले के साठी थाना क्षेत्र अंतर्गत नमी चौक के पास से पुलिस ने दो अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के बरौली थाना क्षेत्र के सूरवल गांव स्थित चिमनी भट्‌ठा में खाना बनाने के दौरान गैस सिलिंडर में विस्फोट होने से छह मजदूर घायल हो गये।

———————————————————————

नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के योगीपुर बाजार में कपड़े की एक दुकान में आग लग जाने से लगभग दस लाख रूपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। पुलिस ने शॉर्ट सर्किट को अगलगी का कारण बताया है।

———————————————————————

समाप्त